आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 18.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 50 हजार गांवों के लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।
- अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अगले दो वित्तीय वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान साढ़े छह प्रतिशत पर बरकरार रखा।
- प्रदेश की 100 निकायों में आगामी 23 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों में जुटा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। यह देश के गांवों के सशक्तिकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है। संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में वितरित किए गए। ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में स्वामित्व योजना शुरू की गई थी। इसके तहत सर्वेक्षण के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के माध्यम से घरों पर अधिकार का रिकॉर्ड प्रदान किया गया। यह योजना संपत्ति के मुद्रीकरण की सुविधा बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण तक पहुंच को सक्षम बनाती है। साथ ही संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करती है और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संपत्ति मूल्यांकन और संपत्ति का संग्रह का समर्थन करती है। इसके तहत एक लाख पचास हजार से अधिक गांवों के लिए लगभग एक करोड़ 25 लाख संपत्ति कार्ड तैयार किये गए हैं। पुद्दुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में यह योजना पूरी तरह से लागू हो चुकी है।

<u>अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष</u>

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष– आईएमएफ ने अगले दो वित्त वर्षों 2025–26 और 2026–27 में भारत की विकास दर साढ़े 6 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा है। यह अनुमान भारत की संभावनाओं के अनुरूप है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह जानकारी अपने ताजा विश्व आर्थिक सर्वेक्षण में दी। आईएमएफ के अनुसार भारत ने विश्व की बडी अर्थव्यवस्थाओं के बीच अपनी सबसे तेज वृद्धि दर बरकरार रखी है।

स्टेडियम निरीक्षण

समाज कल्याण सचिव और ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रीय खेलों के नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने रुद्रपुर में स्पोर्ट्स स्टेडियम और 46वीं बटालियन पीएसी में ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल में वॉलीबॉल, हैंडबाल और वेलोड्रोम में साइक्लिंग की सभी व्यवस्थाएं 25 जनवरी तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेडियम के अन्दर और बाहर वॉल पेंटिंग के कार्य भी 25 जनवरी तक पूरा करने को कहा। श्री खैरवाल ने सभी कार्यों को प्रतिदिन कार्ययोजना बना कर पूरा करने और जिलाधिकारी को प्रतिदिन कार्य प्रगति की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

केंद्रीय विद्यालय चमोली

चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर में केंद्रीय विद्यालय का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नवनिर्मित भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय भवन में बने कक्षा कक्ष, प्रयोगशाला, कैंटीन, शौचालय, खेल मैदान और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन में बिजली, पानी और अग्नि सुरक्षा के तकनीकी निरीक्षण के लिए समिति गठित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जल्द से जल्द नए विद्यालय का संचालन शुरू कराने के निर्देश भी दिए।

अश्वगंधा जागरूकता अभियान

केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड और राज्य औषधीय पादप बोर्ड, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में हरिद्वार में अश्वगंधा जागरूकता अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने अश्वगंधा के औषधीय महत्व की जानकारी देते हुए अश्वगंधा की कृषि तकनीक और मूल्य संवर्धन पर विशेष चर्चा की। वहीं, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर डॉ. महेश कुमार दाधिच ने संगोष्ठी के उद्देश्यों और अश्वगंधा की खेती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

दुर्घटना

बागेश्वर जिले के कपकोट में सोंग–मोनार मोटर मार्ग पर सलिंग के पास एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से 3 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में भर्ती कराया गया है।

## राज्य निर्वाचन आयोग

प्रदेश की 100 निकायों में आगामी 23 जनवरी को होने वाले मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों में जुटा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ आयोग की ओर से बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को सुचारु करने से लेकर मतदान स्थल तक मतदान कर्मियों के पहुंचने और वहां से मतपेटियों को लाने लेजाने तक हर स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को सुचारु किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि निकाय चुनाव में 25 हजार कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित 18 हजार कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है।

## निकाय चुनाव

प्रदेश में निकाय चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तराखंड पुलिस भी तैयारियों में जुटी है। पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, निलेश आनंद भरणे ने बताया कि राज्य के संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अलग से पुलिस की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा होमगार्ड और पीएसी के जवानों को भी तैनात किया जा रहा है। श्री भरणे ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रह है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब और मादक पदार्थों को जब्त किया है।

## मतदान प्रशिक्षण

नैनीताल जिले में निकाय चुनाव के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में चल रहे प्रशिक्षण के दूसरे दिन 228 मतदान टोलियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक मतदान टोली में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान कार्मिक शामिल किए गए हैं। इस दौरान मतदान टोलियों को चुनाव प्रक्रिया के साथ ही उनके दायित्वों की जानकारी दी गई।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

<u>खाद्य वस्तुएं</u>

केंद्र सरकार, आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रही है, ताकि उपभोक्ताओं को खाद्य वस्तुएं सस्ती और उचित मूल्य पर मिलना सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने उपभोक्ताओं को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन राशि देने जैसे कई कदम उठाये हैं।